तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, शुक्रवार 20 फरवरी 2026

12 नई पीढ़ी परंपराओं से जुड़ेगी, तभी मजबूत ...



12 सनातन धर्म में यज्ञ का विशेष महत्व





आवश्यकता है
कपड़े एवं रेडीमेड दुकान में काम करने के लिये
•सेल्समेन-सेल्सगर्ल
•कम्प्यूटर कार्य के लिये लड़के/लड़कियां
•लेडिस स्टॉफ
आकर्षक वेतन दिया जाएगा
काका होजियरी
गंज रोड, नवापारा (राजिम)
फोन : 9893744470

## खबर संक्षेप

### कचना धुरुवा महाविद्यालय में वार्षिक सम्मेलन आज

**छुरा।** कचना धुरुवा महाविद्यालय में 21वी वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह 20 फरवरी शुक्रवार को आयोजित किया जा रहा है। संत श्री गोवर्धन शरण जी महाराज चतुर्भुज सिरकट्टी आश्रम पाण्डुका के अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय सांसद रूपकुमारी चौधरी महासमुंद लोकसभा क्षेत्र रहेंगे। सांसद के आतिथ्य में छुरा परिक्षेत्र के 21 जातीय समाजाध्यक्षों की उपस्थिति में प्रतिभाएं होंवेगे सम्मानित। इस अवसर पर छात्र -छात्राओं द्वारा स्नेह मिलन सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।उक्त जानकारी छात्र संघ अध्यक्षा कु सोनिया साहू ने दिये।

### कुर्मी समाज का वार्षिक अधिवेशन 22 को

**राजिम।** दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रिय समाज सर्किल राजिम के तत्वावधान में 22 फरवरी को राष्ट्र गौरव एवं समाज पुरोधा क्षत्रपति शिवाजी जयंती एवं वार्षिक अधिवेशन ग्राम चन्दना होगा। आयोजन के मुख्य अतिथि अजय चंद्राकर विधायक कुरुद होंगे, अध्यक्षता जवाहर वर्मा सर्किल प्रधान दि. कु.क्ष.स. राजिम, विशिष्ट अतिथि छत्रपाल बैस प्रांत अध्यक्ष बैस कुर्मी समाज बिरेन्द्र साहू जनपद पंचायत अध्यक्ष मगरलोड, मीना डेमू साहू जिला पंचायत सदस्य धमतरी, अनिता सुभाष देशमुख ज.स. मगरलोड, म.अ. दि.कु.क्ष.स. राजिम, जीवन लाल यादव सरपंच ग्राम पंचायत चंदना होंगे। प्रातः 9 बजे कलश यात्रा एवं 10 बजे ध्वजारोहण, वार्षिक अधिवेशन, 1 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम अतिथियों का उदबोधन, 3 बजे विचार संगोष्ठी एवं प्रतिभा सम्मान होगा।

### सेम्हरतरा में युवा संगम शिविर 21 को

**राजिम।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग के युवक-युवतियों के लिए एक दिवसीय युवा संगम शिविर का आयोजन शनिवार 21 फरवरी को गार्डन परिसर, सेम्हरतरा में प्रातः 9:30 बजे से सायं 5 बजे तक होगा। शिविर में युवाओं के व्यक्तित्व विकास, समय प्रबंधन, लक्ष्य निर्धारण, राष्ट्रभाव जागरण तथा नेतृत्व क्षमता के विकास पर विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे। साथ ही सांस्कृतिक राष्ट्रभाव, राष्ट्रीय चरित्र निर्माण, समूह गतिविधियाँ, खेल-कूद, चर्चा-परिचर्चा तथा अनुभवी कार्यकर्ताओं द्वारा मार्गदर्शन भी दिया जाएगा। आयोजकों के अनुसार शिविर का उद्देश्य युवाओं में सकारात्मक सोच, अनुशासन, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं राष्ट्र निर्माण के प्रति जागरूकता विकसित करना है। कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरित होकर युवाओं को जीवन में लक्ष्य प्राप्ति हेतु प्रेरित किया जाएगा।

### प्राकृतिक आपदा से मौत पर सहायता राशि मंजूर

**महासमुंद।** प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर मृतक के निकटतम वारिसान के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। इनमें सांप काटने से मृत्यु होने पर बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम सेनभांठा की मृतका पुनिया बाई यादव के पति धीरपाली यादव के लिए चार लाख रुपए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

# छात्र की मौत पर बवाल, एनएच पर 3 घंटे तक चक्काजाम, अधीक्षक निलंबित और संयोजक को हटाया

## हाईवे पर 5 किमी तक वाहनों की लगी रही कतार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

आदिवासी बालक आश्रम बड़ेगोबरा के एक छात्र राघव मंडावी की समय पर इलाज नहीं मिलने के कारण दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना को लेकर आदिवासी समाज के लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है और लापरवाही बरतने वाले आश्रम अधीक्षक राकेश साहू पर एफआईआर दर्ज कर पीड़ित परिवार को 1 करोड़ रूपये मुआवजा राशि की मांग को लेकर आदिवासी समाज द्वारा मैनपुर नेशनल हाइवे 130 सी पर गुरुवार को सुबह 8 बजे से चक्काजाम शुरू कर दिया। इस दौरान नेशनल हाइवे में आदिवासी समाज के सैकड़ों महिला- पुरूष व बच्चे सड़क में उतर कर जमकर नारेबाजी करने लगे और संबंधित विभाग के अफसरों द्वारा लगातार झमझाइस के बाद भी नारेबाजी जारी रहा। आदिवासी सहायक आयुक्त लोकेश्वर पटेल द्वारा लिखित में आश्वासन देने और आश्रम अधीक्षक राकेश साहू को तत्काल हटाने एवं मंडल संयोजक दुर्गाप्रसाद यादव को मंडल संयोजक पद और अधीक्षक पद से हटाने के लिखित आश्वासन के बाद 3 घंटे चक्काजाम के बाद समाप्त किया गया। आंदोलनकारियों ने साफ शब्दो में कहा की आश्रम छात्रवासों की व्यवस्था में सुधार किया जाये अन्यथा यह आंदोलन आगे भी जारी रहेगा। चक्काजाम में प्रमुख रूप से जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम, जनपद सदस्य सुकचंद ध्रुव, पूर्व सरपंच नोकेलाल ध्रुव, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव, नैनसिंह नेताम, महनसिंह, फडिन्द्र ठाकुर, आदिवासी नेता ▶▶|शेष पेज 10 पर

### आश्रम अधीक्षक एवं मंडल संयोजक पर तत्काल कार्रवाई

आदिवासी सहायक आयुक्त लोकेश्वर पटेल ने पत्रकारों को बताया कि आश्रम अधीक्षक राकेश साहू को तत्काल निलंबित कर गरियाबंद कार्यालय में अटैच किया जायेगा और उनके खिलाफ विभागीय जॉच दल 20 दिनों में रिपोर्ट सौपेगी। साथ ही मंडल संयोजक दुर्गाप्रसाद यादव को मंडल संयोजक एवं अधीक्षक पद से तत्काल हटाया जाता है। उन्होने आगे बताया कि मुआवजा के लिए शासन स्तर पर कार्यवाही के लिए लिखा गया है।





### चक्काजाम से सैकड़ों ग्रामीण होते रहे परेशान

चक्काजाम के चलते नेशनल हाईवे 130 सी मैनपुर देवभोग मार्ग में सैकड़ो यात्री वाहन एवं ग्रामीण परेशान होते रहे मिलो पैदल दूरी तय करना पड़ा। चक्काजाम के चलते भारी पुलिस बल तैनात किया गया था साथ ही आंदोलनकारी ने चेतावनी दिया है कि 20 दिनों के अंदर अफसर के आश्वासन के अनुसार कार्रवाई नहीं करने पर फिर चक्काजाम करने बाध्य होंगे। इस दौरान एसडीओपी पुलिस ओमप्रकाश खुजुर, तहसीलदार रमेश मेहता, थाना प्रभारी शिवशंकर हुर्रा के नेतृत्व में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किए गए थे।

विडंबना : अधिकारियों द्वारा समय पर मूल्यांकन नहीं किए जाने के कारण सरपंच और सचिव भुगतान के लिए भटक रहे हैं

# दुल्ला पंचायत के विकास कार्यों पर लगा ब्रेक मूल्यांकन न होने से करोड़ों के भुगतान लंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

ग्राम पंचायत दुल्ला में संचालित विभिन्न कार्यों का अधिकारियों द्वारा मूल्यांकन नहीं होने से भुगतान लंबित है जिससे सरपंच सचिव परेशान है साथ ही साथ अन्य कार्यों की प्रगति नहीं होने पर ग्रामीणों ने शिकायत करते हुए कहा कि यहां के सभी कार्य अधूरे हैं जिसे शासन की योजनाओं का क्रियांवन नहीं हो पा रहा है। यहां कई कार्य 23-24 से लंबित है और कई कार्य पूर्ण होने के बाद भी मूल्यांकन के अभाव में भुगतान नहीं हो पा रहा है जिससे लगभग चार से पांच कार्य अधूरा है। साथ ही साथ तत्कालीन सरपंच ने कुछ कार्यों को लिखित रूप में ठेकेदार को सौंप दिया था किंतु ठेकेदार द्वारा कार्यों को अधूरा छोड़ दिया गया है जिससे ग्रामीण में लगातार कार्य पूरा करने के लिए दबाव डाल रहे हैं किंतु ठेकेदार द्वारा पूर्व में हुए कार्यों का भुगतान नहीं होने की वजह से कार्य प्रारंभ नहीं करने की असमर्थता जताया जा रहा है। भले ही पंचायत को क्रियान्वयन एजेंसी कहा जा रहा है किंतु पंचायत में खुलेआम ठेकेदारों का हस्तक्षेप है और ठेकेदार द्वारा उनसे कार्य ▶▶|शेष पेज 10 पर



### ठेकेदारी प्रथा और अधूरे निर्माण की मार

हाई स्कूल दुल्ला में समग्र शिक्षा के तहत अतिरिक्त भवन के लिए 7.35 लाख रुपए स्वीकृत हुआ था। जिसमें से 6 लाख रुपए निकल गए हैं जो लगभग 2023-24 का है किंतु अब तक उसमें छत की ढलाई एवं अन्य कार्य नहीं हुआ है। इसी तरह 2023- 24 में विधायक निधि के सामुदायिक भवन जिसके लागत 6.30 लाख रुपए है और उसमें से 2.60 लाख रुपए निकाले जा चुका है किंतु उसमें अब तक के निर्माण कार्य करने कालम तक खड़ा नहीं किया गया है इससे पता चलता है कि ग्राम पंचायत के कार्यों की क्या स्थिति है और जनपद पंचायत के अधिकारी सतत निगरानी और मूल्यांकन के लिए अधिकृत किया गया है उनके द्वारा इन कार्यों का समय-समय पर मूल्यांकन नहीं होने की वजह से कार्यों में गति नहीं हो पा रही है।

### अफसरशाही और लापरवाही का आलम

इसी तरह ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों ने बताया कि चंद्राकार समाज भवन एवं बोर खनन के लिए लगातार मूल्यांकन करने के लिए जनपद के इंजीनियर को कहा जा रहा है किंतु उनके द्वारा अब तक मूल्यांकन नहीं करने की वजह से राशि रुकी हुई है। इसी तरह शीतला में जिला पंचायत विकास नीति का निर्माण किया गया है 2023-24 में जो कार्य पूर्ण है जिसमें से 1.60 लाख में मात्र 60 हजार ही प्राप्त हुआ है इसमें 100000 अभी तक भुगतान नहीं हुआ है। इसी तरह आंगनबाड़ी भवन में मरम्मत के लिए 11.70 लाख रुपए की स्वीकृति हुई थी जिसमें 70 हजार रुपए प्राप्त हुआ है और इसका भी मूल्यांकन नहीं हुआ है इसलिए सभी कार्यों में राशि फसी हुई है और इन राशियों की वजह से जो अन्य कार्य पेंडिंग है उसे पर कार्य नहींहो पा रहा है इससे पता चलता है कि पंचायत में क्रियान्वयन एजेंसी भले ही ग्राम पंचायत हो किंतु उनके द्वारा कार्य करने और उनके मूल्यांकन सहित करने कार्यों के लिए जो अधिकारी कर्मचारी नियुक्त है और उनके साथ कितनी गंभीरता से कार्य करते हैं।

### भौतिक सत्यापन कराया जाएगा

इस संबंध में जनपद पंचायत के सीईओ सतीश चंद्रवंशी ने कहा कि ग्राम पंचायत दुल्ला के सभी कार्यों का भौतिक सत्यापन करके दिखाते हैं और मूल्यांकन कार्य करवा कर उन्हें भुगतान के लिए प्रेषित करेंगे। इस इस संबंध में जनपद पंचायत के एसडीओ दिनेश नेताम को फोन किया गया किंतु उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया और इंजीनियर त्रिपाठी ने कहा कि अहाता का मूल्यांकन 3 दिन पहले किया हूं, चंद्राकर समाज भवन की जानकारी नहीं है।

# जिले के 62 स्काउट-गाइड्स को मिलेगा 10 अंक का बोनस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

सत्र 2025-26 में राज्य मुख्यालय भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंग खालसा के निर्देशानुसार राज्यपाल पुरस्कार जांच शिविर सभी विंग (स्काउट/गाइड/रोवर/रेंजर) आयोजित किया गया था जिसमें जिला गरियाबंद से स्काउट विंग में 35, गाइड विभाग में 16, रोवर विभाग में 06 एवं रेंजर विंग में 12 कुल 69 प्रतिभागी उत्तीर्ण हुए जिसमें से 10वीं में 34 एवं 12वीं में 28 अध्ययनरत कुल 62 स्काउट गाइड को छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा सभी 62 प्रतिभागी को बोर्ड के अंक सूची में 10 अंक बोनस प्रदान किया जाएगा। उक्त संबंध में बोनस अंक प्रस्ताव जिला शिक्षा अधिकारी गरियाबंद जगजीत सिंग धीर द्वारा डी ओ सी स्काउट आशीष कुमार के माध्यम से उच्च कार्यालय को प्रस्ताव प्रेषित किया गया।जिला सचिव रोमन साहू एवं डी ओ सी गाइड सीमा साहू, जिला मीडिया प्रभारी पूरन लाल साहू द्वारा सभी प्रतिभागी को जानकारी दी कि शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कौन्दकेरा, पाण्डुका, इंदगांव, परसदाकला, खुटेरी,फुलकर्रा, दर्रिपारा, हाईस्कूल रावड़, सरस्वती शिशु मंदिर राजिम एवं सेसेज फिंगेश्वर के स्काउट गाइड को ढाई साल की कड़ी मेहनत से उक्त राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

# जलकर जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं के काटे कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

नगर पंचायत द्वारा जलकर बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करते हुए नल कनेक्शन विच्छेद अभियान चलाया गया। इस दौरान जिन उपभोक्ताओं द्वारा लंबे समय से जलकर का भुगतान नहीं किया गया था, उनके कनेक्शन अस्थायी रूप से काटे गए। नगर पंचायत के अधिकारियों ने बताया कि पूर्व में कई बार सूचना एवं नोटिस जारी किए जाने के बावजूद कुछ उपभोक्ताओं द्वारा राशि जमा नहीं की गई। इसके चलते राजस्व वसूली एवं जल आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने हेतु यह कदम उठाया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी यमन देवांगन ने अपील की है कि सभी उपभोक्ता शीघ्र ही अपना बकाया जलकर जमा करें, जिससे आगे की कठोर कार्यवाही से बचा जा सके। साथ ही



यह भी बताया गया कि बकाया राशि जमा करने के पश्चात नियमानुसार पुनः कनेक्शन जोड़ा जाएगा। नगर पंचायत ने स्पष्ट किया है कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# मनरेगा का नाम बदलने के विरोध में कांग्रेस का घेराव आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

प्रदेश कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़ के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर में धरना-प्रदर्शन और घेराव कार्यक्रम आयोजित किया गया है। केंद्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के नाम परिवर्तन के निर्णय और जिले की स्थानीय समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने इस आंदोलन का ऐलान किया है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने आरोप लगाया कि महात्मा गांधी के नाम से जुड़ी प्रतिष्ठित ग्रामीण रोजगार योजना का नाम बदलना केंद्र की भाजपा सरकार की संकीर्ण सोच को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि मनरेगा ग्रामीण गरीबों और मजदूर वर्ग के लिए जीवनरेखा है, ऐसे में इसके नाम से छेड़छाड़ करना महात्मा गांधी के योगदान को कमतर आंकने जैसा है। कांग्रेस ने इस कार्यक्रम को



शक्ति प्रदर्शन के रूप में लेते हुए व्यापक तैयारी की है। पार्टी पदाधिकारियों के अनुसार प्रदर्शन में क्षेत्र के विधायक, पूर्व विधायक, त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि, नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधि, जिला व ब्लॉक स्तर के पदाधिकारी, मंडल और सेक्टर अध्यक्षों सहित युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवादल, एनएसयूआई, किसान कांग्रेस, आदिवासी कांग्रेस, अनुसूचित जाति कांग्रेस और अल्पसंख्यक कांग्रेस के सदस्य बड़ी संख्या में शामिल होंगे। जिला ▶▶|शेष पेज 10 पर

# जिले में राज्य स्तरीय बौद्ध महासभा 22 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले के समस्त नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों की एकजुटता के साथ बौद्ध समाज गरियाबंद द्वारा 22 फरवरी 2026, रविवार को वन विभाग गरियाबंद के ऑक्शन हॉल में राज्य स्तरीय भारतीय बौद्ध महासभा का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन को लेकर समाज में व्यापक उत्साह देखा जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गरियाबंद जिले के प्रथम कलेक्टर एवं वर्तमान विभागीय जांच आयुक्त श्री दिलीप वासनीकर जी 13 वर्षों बाद जिले में आगमन कर बौद्ध महासभा को संबोधित करेंगे। उनके साथ रायपुर संभाग के आयुक्त श्री महादेव कावरे जी की भी विशेष उपस्थिति रहेगी। इसके अलावा छत्तीसगढ़ भारतीय बौद्ध समाज के प्रदेश अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित प्रदेशभर के



जिलाध्यक्षों की गरिमामयी उपस्थिति कार्यक्रम को विशेष बनाएगी। महासभा में भारतीय संविधान के रचयिता डॉ. भीम राव आंबेडकर एवं तथागत भगवान बुद्ध के उपदेशों पर विस्तार से प्रकाश डाला जाएगा तथा समाज में शिक्षा, संगठन और सामाजिक समरसता को मजबूत करने पर चर्चा की जाएगी।

कार्यक्रम के आयोजकों में समस्त बौद्ध समाज गरियाबंद के जिला अध्यक्ष श्री शिव खापर्डे, नारद मेश्राम, पंकज पाटिल, मुकेश रामटेके, नागेश गजभिए, कमलेश रामटेके, नारद लोनहारे, शैलेन्द्र कुटारे सहित नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रीय बौद्ध समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य सक्रिय रूप से तैयारियों में जुटे हुए हैं।

## नगर पालिका-ग्राम पंचायत के समन्वय से ग्रामीण क्षेत्रों में भी मिलेगी सुविधा

# जिले के डोंगरीगांव में फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत गरियाबंद जिले ने स्वच्छता के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की है। विकासखंड गरियाबंद के ग्राम पंचायत डोंगरीगांव एवं इसके आश्रित गांवों में नवनिर्मित फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट (एफएसटीपी) का आज विधिवत शुभारंभ किया गया। शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों की उपस्थिति में सेप्टिक टैंकों से निकाले गए स्लज (अपशिष्ट) को वैज्ञानिक प्रक्रिया के तहत ट्रीटमेंट के लिए प्लांट में डाला गया, जिससे इसकी कार्यप्रणाली का सफल प्रदर्शन भी हुआ। यह अत्याधुनिक प्लांट शहरी व ग्रामीण दोनों क्षेत्रों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। इसके संचालन को और व्यवस्थित बनाने के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं जनपद पंचायत गरियाबंद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के बीच सहमति पत्र पर हस्ताक्षर की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। इसके तहत नगर पालिका के डी-स्लज वाहन का उपयोग अब नगर के साथ-साथ आसपास के गांवों में भी किया जा सकेगा, जिससे ग्रामीणों को समय पर और व्यवस्थित सफाई सुविधा प्राप्त होगी।

■ अब गांवों के सेप्टिक टैंकों की सफाई होगी आसान






### जिले की रैंकिंग में होगा सुधार

प्लांट शुरू होने के बाद सेप्टिक टैंक का स्लज अब वैज्ञानिक तरीके से निपटाया जाएगा, जिससे भूमिगत जल संरक्षण को मजबूती मिलेगी और अपशिष्ट के खुले में निस्तारण से होने वाली बीमारियों पर भी रोक लगेगी। फिलहाल नगर पालिका का वाहन सेवाएं दे रहा है, वहीं जल्द ही स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) को अपना स्वयं का डी-स्लज वाहन मिलने से यह सुविधा और अधिक सुलभ, सस्ती और तेजी से उपलब्ध होगी। यह एफएसटीपी प्लांट न सिर्फ गरियाबंद जिले की स्वच्छता रैंकिंग को नया आयाम देगा, बल्कि पर्यावरणीय दृष्टि से एक सुरक्षित और टिकाऊ मॉडल भी प्रस्तुत करेगा। शहर और गांव के संयुक्त सहयोग से तैयार यह व्यवस्था अन्य जिलों के लिए भी कारगार होगी।

# पंचकोषीय गौशाला का चुनाव 21 को



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

नगर के पंचकोशिय गौशाला का चुनाव 21 फरवरी शनिवार को गौ शाला परिसर मे की जावेगी। 21 फरवरी 2026 को चुनाव अधिकारी एचएल साहू के द्वारा चुनाव कराया जायेगा। मासिक बैठक में चुनाव को लेकर अध्यक्षीय आसंदी से गौशाला अध्यक्ष डॉ. चंद्रशेखर हरित ने कहा है कि गौशाला का शुंभारंभ 2013 मे हुआ था तब से हर बार आप सभी लोगों ने मुझे सर्वसम्मति से अध्यक्ष बनाया है और सभी के सहयोग से अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन भी किया हूं। मेरी उम्र 80 वर्ष होने के कारण इस बार मै अध्यक्ष पद के लिए इच्छुक नहीं हूं आगे यह दायित्व निभाने के लिए जगदीश साहू के नाम का प्रस्ताव कर दिया हूं। सभी पदों को लेकर 21 फरवरी को चुनाव होंगे। चुनाव को लेकर सभी सदस्यों को सूचना दे दी गई है और सभी की उपस्थिति आवश्यक की गई है।

# 2 लाख रुपए के ऋण से खड़ा किया खुद का व्यवसाय, अब पिकअप वाहन की मालिक

## रसेला की सियाबाई बनीं लखपति दीदी, टेंट से शुरू हुआ सफर, अब डीजे और पिकअप तक पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण एवं ग्रामीण आजीविका संवर्धन की दिशा में संचालित योजनाएं जमीनी स्तर पर सकारात्मक परिवर्तन ला रही है। राज्य शासन की वित्तीय सहायता एवं स्व सहायता समूह आधारित आजीविका मांडल से जुड़कर महिलाएं आत्मनिर्भर बन रहीं हैं। इसी क्रम में अंचल के ग्राम पंचायत रसेला की सियाबाई पति संतराम कोमर्रा ने उल्लेखनीय सफलता अर्जित करते हुए ' लखपति दीदी के रुप में अपनी पहचान बनाई है। सिया बाई कोमर्रा का परिवार आर्थिक रूप से कमजोर स्थिति में था। सीमित संसाधनों में परिवार का भरण पोषण करना चुनौतीपूर्ण था। ऐसे समय में मीरा समूह महिला स्व सहायता समूह से जुड़ने का निर्णय उनके जीवन में परिवर्तनकारी साबित हुआ। मीरा समूह के सदस्य लोमेश्वरी कोमर्रा,टिकेश्वरी कोमर्रा के माध्यम से उन्हें बैक से 2 लाख रुपए का ऋण प्राप्त हुआ। प्राप्त वित्तीय सहयोग से सियाबाई ने पहले टैंट के व्यवसाय में निवेश किया गया। फिर उसी टैंट के आमदनी के रुपयों से माईक, डीजे बाक्स खरीदें, फिर दो साल बाद आज उसके पास एक पिकअप वाहन है। जो आर्डर मिलने पर एक साथ सभी सामानों को पिकअप में ले जाया करते हैं, पहले किसी पिकअप वाहन को किराए पर ले जाया जाता था। निरंतर परिश्रम, अनुशासन एवं व्यवसायिक प्रबंधन के माध्यम से उन्होंने अपने उद्यम को सुदृढ़ किया। वर्तमान में वे प्रतिवर्ष लगभग 2.50 लाख रुपए की आय अर्जित कर रही है। जहां पहले 6 परिवार की आय तीन हजार रुपए तक सीमित थी, वहीं अब स्थायी आय के स्त्रोत से परिवार की आर्थिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। सिया बाई ने प्राप्त आय से अपने एक बेटा, दो बेटी और स्वयं पति-पत्नी परिवार की आवश्यकताओं की पूर्ति कर रही है।





### सामाजिक परिवर्तन की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका

वे अन्य ग्रामीण महिलाओं के लिए प्रेरणा बनकर उभरी है। उनका कहना है कि शासन की योजनाओं का लाभ उठाकर एवं वित्तीय संस्थानों से समुचित सहयोग प्राप्त कर महिलाएं कृषि एवं दिहाड़ी मजदूरी से आगे बढ़कर स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बन सकती है। राज्य शासन द्वारा संचालित महिला स्व सहायता समूह मांडल न केवल आर्थिक सशक्तिकरण का मध्यम बन रहा है, बल्कि सामाजिक परिवर्तन की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यह सफलता दर्शाती है कि मार्गदर्शन और समूह के सहयोग से ग्रामीण महिलाएं भी अपने सपनों को साकार कर सकती हैं। सिया बाई कोमर्रा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार की योजनाओं ने उन्हें आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्रदान किया।

## खबर संक्षेप

### सिंघनपुर में आयोजित राम कथा कार्यक्रम में शामिल हुए तुषार

**महासमुंद।** ग्राम सिंघनपुर में आयोजित श्रीराम कथा, भोग भंडारा कार्यक्रम में राष्ट्रीय तेली कर्मा सेना के संस्थापक व भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। तुषार ने कहा कि सनातन धर्म के धार्मिक लेखक तुलसीदास के अनुसार सर्वप्रथम श्रीराम की कथा भगवान शंकर ने माता पार्वती जी को सुनायी थी। जहां पर भगवान शंकर पार्वती को भगवान श्रीराम की कथा सुना रहे थे, वहां कागा (कौवा) का एक घोंसला था और उसके भीतर बैठा कागा भी उस कथा को सुन रहा था। कथा पूरी होने के पहले ही माता पार्वती को नींद आ गई, पर उस पक्षी ने पूरी कथा सुन ली। उसी पक्षी का पुनर्जन्म काकभुशुंडिके रूप में हुआ। काकभुशुंडि ने यह कथा गरुड़ को सुनाई। भगवान शंकर के मुख से निकली राम की यह पवित्र कथा अध्यात्म रामायण के नाम से प्रख्यात है। अध्यात्म रामायण को ही विश्व का सर्वप्रथम रामायण माना जाता है। इस अवसर पर रामेश्वर साहू, हीरालाल साहू, ललित निषाद, सुरेश, दिनेश, कार्तिक, राधेश्याम, रामलाल, सुखलाल आदि मौजूद रहे।

### 12 एसएचजी के 40 सदस्य हुए पूरी रवाना

**बसना।** एकीकृत बाल विकास परियोजना बसना अंतर्गत आयोजित दिशा-दर्शन भ्रमण कार्यक्रम के तहत बसना ब्लॉक के 12 स्व सहायता समूहों के 40 सदस्यों को जनपद पंचायत बसना के सभापति प्रकाश सिन्हा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह भ्रमण कार्यक्रम महिला स्वसहायता समूहों के सशक्तिकरण एवं आयवर्धन गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। भ्रमण के दौरान समूह की माताएं-बहनें विभिन्न सफल मॉडलों का अध्ययन कर आत्मनिर्भरता, प्रबंधन कौशल एवं आजीविका संवर्धन के नए आयाम सीखेंगी। भ्रमण पर जा रही माताओं-बहनों को सफल एवं मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं देते हुए सिन्हा ने कहा कि यह पहल महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने इस कार्यक्रम के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु निरंतर प्रतिबद्ध है और ऐसे कार्यक्रम ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में सहायक सिद्ध होंगे। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी रामसिंह मिरी, पर्यवेक्षक उमादेवी पटेल, चंद्रिका कुमार सहित विभागीय अधिकारी एवं स्व सहायता समूह की महिलाएँ उपस्थित रहीं।

## समस्या : धान का उठावा धीमा, 72 घंटे के भीतर था उठावा का प्रावधान

# लिमिट से 8 गुना ज्यादा स्टॉक, समितियों को सता रही सूखत और नुकसान की चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिले के धान खरीदी केंद्रों में समर्थन मूल्य पर खरीदी संपन्न होने के बाद अब उठाव का संकट खड़ा हो गया है। सरकारी नियमों के मुताबिक, बफर लिमिट से ज्यादा धान होने पर 72 घंटे के भीतर उठाव होना अनिवार्य है, लेकिन गरियाबंद में महीनों बीत जाने के बाद भी केंद्रों में तय सीमा से 4 से 8 गुना ज्यादा धान जाम पड़ा है। खरीदी केंद्र में बफर लिमिट से ज्यादा मात्र में धान मौजूद हुआ तो 72 घंटे के भीतर था उठाव का प्रावधान पर यहां माह बीत गए 4 से 8 गुना ज्यादा मात्र हर केंद्रों में धान दो साल पहले की बैंक गारंटी मिलरों की वापस नहीं हुई है। इस बार मीलर्सउठाव में रुचि नहीं दिखा रहे हैं। सड़क में शाम ढलने के बाद आवाजाही पर प्रतिबंध का भी असर उठाव पर दिख रहा है। अब समिति को रखरखाव और सूखती का अतिरिक्त भार की चिंता सता रही। जिले में समर्थन मूल्य में इस साल 50 लाख 65726 क्विंटल की धान खरीदी हुई।जिसमें से अब तक 28 लाख 25888 क्विंटल धान ही परिवहन हो सका है।जिले में अब तक 56.45 प्रतिशत ही धान का उठाव हो सका है जो पिछले दो साल की तुलना में 15 से 20 फीसदी कम है।हालांकि प्रदेश के 33 जिलों में गरियाबंद की रैंकिंग उठाव के मामले में 15 वे नंबर पर है।पर देरी को देखते हुए समिति की चिंता बढ़ गई है। लगातार ब्रांच स्तर से जिले को पत्रचार कर समिति बफर लिमिट से कई गुना ज्यादा मात्र फड़ो में मौजूद रहने से रखरखाव पर अतिरिक्त व्यय के अलावा धान के सुखत को लेकर चिन्ता जाहिर कर रही है।क्योंकि खरीदी मात्र से वजन घटा तो खरीदी केंद्रों की जिम्मेदारी मान खरीदी में मिलने वाले कमीशन में कटौती के अलावा उन्हें अंतर की राशि भरपाई के लिए उन पर कानूनी हथकंडा अपनाया जाता है।



### विलंब की दो बड़ी वजह

**वजह 1**

#### मिलरो में रुचि घटी

जिले में कुल 57 राइस मिल मौजूद हैं,जिनमें से इस बार केवल 45 मिलरो के लिए डीओ जारी हो रहा है। आंकड़े पर नजर डाले तो अब तक पिछले 1 माह में 21 लाख 17650 क्विंटल मात्र राइस मिलो के लिए जारी किया गया है जबकि मिलरो ने अब तक महज 13 लाख 73110 क्विंटल ही उठाव किया है।वजह जिन्हें डिओ जारी किया गया है।उनके पास दो साल पहले का भी स्टॉक मौजूद है,एफसीआई में चावल रखने की जगह कम पड़ गई इसके अलावा करोड़ों रुपए का बैंक गारंटी भी मिलरो का फंसा पड़ा है।

**वजह 2**

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद उदंती सीतानदी अभ्यारण्य इलाके में 5 फरवरी से भारी माल वाहकों की आवाजाही नेशनल हाईवे में बंद शाम ढलने के बाद बंद कर दी गई है।प्रतिबंध से पहले रोजाना 150 ट्रक संग्रहण केंद्र कुंडेल पहुंचा करती थी जिसकी संख्या आधी हो गई है। हालांकि प्रतिबंध के दायरे में 90 में से केवल 31 खरीदी केंद्र आते है।परिवहन कर्ताओं की लापरवाही के वजह से अन्य स्थानों में भी उठाव प्रभावित है।रिपोर्ट के मुताबिक 16 लाख 98840 क्विंटल का टीओ जारी किया गया है, जिसके एवज में ट्रांसपोर्टर केवल 13 लाख 74 हजार क्रिंटल का उठाव कर पाया है।

### दीवानमुड़ा में सबसे कम 39 फीसदी उठाव, भौतिक सत्यापन पर असर

पिछले दो सालों से खरीदी में अनियमितता को लेकर चर्चित दीवानमुडा खरीदी केंद्र में अब तक सबसे कम उठाव होना कई संदेहों को जन्म देता है।उड़ीसा सीमा से लगे इस केंद्र में 10 लाख 3519 क्विंटल की रिकॉर्ड खरीदी हुई है।अब तक यहां से 39460 क्विंटल परिवहन किया गया है।जबकि अब 10800 क्विंटल क्षमता वाले खरीदी केंद्र में 64 हजार 5920 क्विंटल शेष है।उड़ीसा सिमा से लगे प्रायः सभी केंद्रों में तय बफर लिमिट से कई गुना ज्यादा धान की मात्र मौजूद है। ऐसे में खरीदी के बाद किए जाने वाले भौतिक सत्यापन की सत्यता पर भी कई सवाल उठाते है।

#### मिलरो की संख्या कम

किशोर चंद्र, डीएमओ मार्कफेड ने कहा की सभी केंद्रों के लिए पर्याप्त टीओ डीओ जारी हुए हैं। सड़क में प्रतिबंध और मिलरो की संख्या कम होने के कारण उठाव में गति नहीं आ पा रही है।

#### प्रयास जारी

जिला खाद्य अधिकारी अरविंद दुबे ने कहा की अधिकतम उठाव के लगातार प्रयास जारी है। पूरी क्षमता से उठाव जारी है। मिलरस के द्वारा भी पर्याप्त मात्र उठाव हो उसके लिए प्रयास जारी है। सभी खरीदी केंद्रों की भौतिक सत्यापन लगातार किए जा रहे हैं, इसमें कोई दिक्कत नहीं है।

# होली, मुहर्रम पर शराब दुकान खोलने का फैसला भाजपा का शराब प्रेम : बेसरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिला कांग्रेस कमेटी गरियाबंद के अध्यक्ष सुखचंद बेसरा गुरुवार को मैनपुर पहुंचे इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कार्यकर्ताओं पदाधिकारी से संगठन और पार्टी के मजबूती के संबंध में चर्चा किया साथ ही शुक्रवार को जिला मुख्यालय गरियाबंद में आयोजित आंदोलन में शामिल होने की अपील किया इस दौरान मीडिया से चर्चा करते हुए सुखचंद बेसरा ने कहा छत्तीसगढ़ में जब से भाजपा सरकार बनी है प्रदेश की जनता त्रस्त हो चुकी है,

श्री बेसरा ने प्रदेश की नई आबकारी नीति को लेकर सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी पुण्यतिथि, होली, मुहर्रम के दिन शराब दुकान खोलने के भाजपा सरकार के फैसले को शराब प्रेम करार दिया। कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्री बेसरा ने कहा कि भाजपा सरकार की शराब से राजस्व कमाई की भूख एवं काली कमाई की होड़, शराब कारोबारियों को फायदा पहुंचाने की नीति है।उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी पुण्यतिथि के दिन शराब दुकान बन्द कर समाज को नशामुक्ति की प्रेरणा दी जाती है, भाजपा सरकार ने गांधी पुण्यतिथि के दिन शराब दुकान खोलकर बापू की नशामुक्ति के विचारों की हत्या की है। होली एवं मोहर्रम त्यौहार के दिन शराबखोरी को बढ़ावा देकर शांति भंग करने वालो बढ़ावा दे रही है। इससे त्यौहार के दिन नशेड़ी आतंक मचायेंगे, उपद्रव होगा, शांति भंग होगी। वैसे ही प्रदेश लचर कानून व्यवस्था नशा के कारण आपराधिक घटनायें बढ़ी है, महिलाओं के साथ हिंसा हो रही है। सरकार को महत्वपूर्ण दिन शराब दुकान खोलने के फैसले को वापस लेना चाहिये। सुखचंद बेसरा ने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा ने चुनाव से पहले प्रदेश के महिलाओं और जनता को शराबबंदी करने का अश्वासन दिया था अब सरकार में आते ही शराब के प्रति भाजपा का प्रेम बढ़ गया। भाजपा जिस शराब को महिलाओं के लिए खराब बताकर विरोध करते थे, अब उसी शराब को ज्यादा से ज्यादा कैसे बेचे? घर-घर तक कैसे पहुँचाये, इस के नीति बनाई जा रही है। ज्यादा शराब खपत के लिए 102 नई शराब दुकान खोल रही है। कांग्रेस मांग करती है बापू की पुण्यतिथि एवं होली, मुहर्रम के दिन पूर्व की तरह ही शराब दुकान बंद रखा जाये। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव, युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष शाहिद मेमन, तनवीर राजपूत, सोहन नागेश, डोमार साहू, आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# 25 साल पुरानी मांग पूरी, 143 करोड़ की लागत से बनेगा राजिम-छुरा मार्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर



विकास की नवगाथा लिखते हुए क्षेत्र की राजनीति में जनसेवा का पर्याय बन चुके विधायक रोहित साहू ने एक बार फिर अपने कार्यों से विश्वास की नई इबारत अंकित की है। मोदी की गारंटी और विष्णु देव साय की सुशासन में समृद्धि की गाथा नये युग की ओर बढ़ता राजिम विधान सभा जनभावनाओं को संकल्प में और संकल्प को साकार परियोजनाओं में रूपांतरित करने की उनकी प्रतिबद्धता ने छुईहा अंचल सहित समूचे राजिम क्षेत्र को प्रगति के पथ पर अग्रसर किया है। छुईहा क्षेत्र के लिए स्वीकृत अधोसंरचनात्मक परियोजनाएँ विकास के विस्तृत मानचित्र को साकार करती प्रतीत होती हैं। तत्कालीन स्वीकृति के अंतर्गत राजिम–कौंदकेरा से तरीघाट–छुईहा–छुरा मार्ग के कुल 43 किलोमीटर के निर्माण के लिए 143 करोड़ रुपये की ऐतिहासिक राशि स्वीकृत कराई गई है। जनभावनाओं की दीर्घ प्रतीक्षा अंततः पूर्णता के आलोक में परिणत हुई है। छुईहा से छुरा मार्ग की मांग विगत पच्चीस वर्षों से क्षेत्रवासियों के हृदय में एक अधूरी आकांक्षा के रूप में स्पंदित होती रही थी। समय की धूल और प्रशासनिक औपचारिकताओं के बीच यह अपेक्षा बार-बार मुखर हुई, किंतु अब जाकर उसे साकार स्वरूप प्राप्त हुआ है। प्रस्तावित सड़क के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण से आवागमन अधिक सुगम, सुरक्षित और तीव्र होगा। इस मार्ग के धार्मिक आस्था और पर्यटन स्थल माता घटारानी, माता जतमई विकसित होने से लेकर ओडिशा राज्य तक पहुँचने में समय की उल्लेखनीय बचत होगी तथा व्यापार, सामाजिक संपर्क और क्षेत्रीय आवागमन को नई गति प्राप्त होगी। छुईहा–बाहनाकाड़ी मार्ग के लिए 1 करोड़ 21 लाख रुपये की राशि स्वीकृत कराई गई है। इन तीनों मार्ग से क्षेत्र में यातायात, धार्मिक पर्यटन और स्थानीय व्यापार को नई ऊर्जा मिलने की संभावना प्रबल हुई है। जिसमे प्रमुख जिला पंचायत सदस्य नंदनी ओमप्रकाश साहू, बाबुलाल साहू, दूजलाल साहू, तुलाराम साहू, खोमन साहू, गजेश्वर सिन्हा, इतवारी राम सिन्हा, अभय सिन्हा, रामजी साहू, सालिक साहू, मिथलेश साहू, उदय साहू, गणेश साहू, सुकदेव साहू, ओमप्रकाश साहू, गंगादिन, रामाधार साहू, रामुराम साहू, मोती निषाद, गजेन्द्र निषाद, डोमन साहू, नंदू यादव, दयाराम साहू, बेनी शंकर, विजय कुमार कंडरा, देवेन्द्र वर्मा, टिकेश साहू, गज्जु सिन्हा, राजेश सिन्हा, रमेश सिन्हा, रेखु राम साहू क्षेत्र के छुईहा, जमाही, कुण्डेल, तरीघाट, कौदकैरा बेलटुकरी, सहित सैंकड़ों गांव के नागरिक ने विधायक रोहित साहू का आभार जताया है।

# जीवात्मा और परमात्मा के मिलन का प्रतीक है रासलीला : स्वामी राजीव लोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भगवान श्रीकृष्ण द्वारा रचित रासलीला जीवात्मा और परमात्मा के मिलन का प्रतीक है। यह केवल नृत्य नहीं, बल्कि प्रेम, भक्ति और आत्मा का परमात्मा में लीन होने की परम अवस्था है। उक्त उद्गार आज ग्राम बेमचा स्थित गुलाब बाड़ा में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन दक्षिण कौशल पीठाधीश्वर स्वामी राजीव लोचन महाराज ने श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण के बाल लीलाओं की कथा सुनाते हुए व्यक्त किए। महाराज राजीव लोचन ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण द्वारा रचित रासलीला पर लोग व्यंग्य करते हैं, कि उन्होंने गोपियों के साथ रास लीलाएं की। वास्तविकता यह है कि वृंदावन की गोपियां पूर्व के कई जन्मों में संत, महात्मा, भगवान के भक्त थें। पूर्व के जन्मों में भगवान के दर्शन से वंचित महात्माओं को भगवान ने वृंदावन में गोपियों के रूप में भेजा था। भगवान ने उनकी जन्मों-जन्म के तृष्णा को दूर किया था। रासलीला भी भक्त और भगवान के बीच अटूट श्रद्धा व भक्ति का संगम है। भगवाताचार्य ने आज के परिदृश्य में गरबा, डांडिया नृत्य पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि गरबा और डांडिया के नाम पर अश्लीलता परोसा जा रहा है। विधर्मी, जिहादी मानसिकता के लोग हिंदू धर्म, सनातनी परिवार के बच्चियों को बहलाकर गलत मार्ग पर ले जाते हैं।

## महतारी सदनों का निर्माण कार्य के लिए क्रियान्वयन एजेंसी के रूप में पंचायतों का चयन

# महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए पंचायतों में बनेंगे महतारी सदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण और पंचायतों को अधिक अधिकार देने की दिशा में छत्तीसगढ़ शासन ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की पहल पर अब महतारी सदनों का निर्माण कार्य के लिए क्रियान्वयन एजेंसी के रूप में ग्राम पंचायतों का चयन किया गया है। लंबे समय जनप्रतिनिधियों की मांग को दृष्टिगत रखते हुए लिए गए इस निर्णय से जहां एक ओर पंचायतों की भूमिका और जिम्मेदारी बढ़ेगी, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को सामाजिक एवं आर्थिक गतिविधियों के लिए सशक्त मंच उपलब्ध होगा। महतारी सदन महिलाओं के लिए बैठक, प्रशिक्षण, स्व-सहायता समूह की गतिविधियों एवं आजीविका संवर्धन का केंद्र बनेंगे।

ग्राम पंचायतों को कार्य एजेंसी बनाये जाने पर कार्य प्रक्रिया में तेजी आएगी। इसके लिए विभाग द्वारा मार्गदर्शिका भी जारी की गई है। जिसके अनुसार महतारी सदन हेतु प्रशासकीय स्वीकृति जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा दी जाएगी तथा तकनीकी मार्गदर्शन ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा प्रदान किया जाएगा। कार्यों की नियमित निगरानी एवं मूल्यांकन सुनिश्चित किया जाएगा।




स्वीकृति के लिए निश्चित प्रक्रिया भी तय की गयी है।

कार्यों में एकरूपता के दृष्टिकोण से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा कार्य का एक मानक डिजाईन एवं प्राक्कलन भी तैयार किया गया है। कार्यों की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति का प्रतिवेदन जिला पंचायत के माध्यम से प्रत्येक माह की 05 तारीख तक संचालक पंचायत, संचालनालय छत्तीसगढ़ को अनिवार्यतः उपलब्ध कराना होगा। प्रशासकीय एवं तकनीकी स्वीकृति के पश्चात एक माह के भीतर कार्य प्रारंभ करना आवश्यक होगा तथा 06 से 08 माह के भीतर कार्य पूर्ण कराने की जिम्मेदारी भी कार्य पंचायतों की होगी।

महतारी सदनों के निर्माण से ग्राम पंचायतें अधिक सशक्त होंगी और गांवों में महिलाओं की आर्थिक एवं सामाजिक गतिविधियों में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। यह पहल राज्य में महिला सशक्तिकरण को नई दिशा देने वाली साबित हो रही है। उल्लेखनीय है कि राज्य में 368 महतारी सदनों के निर्माण के लिए 100 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। जिसके लिए प्रति महतारी सदन 30 लाख रुपए की लागत निर्धारित की गई है, जिसकी शत-प्रतिशत राशि राज्य शासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही है। वर्तमान में स्वीकृत 368 महतारी सदनों में से 137 का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, शेष निर्माणाधीन हैं।

## पेज 9 के शेष...

### छात्र की मौत...

खेदु नेगी, टीकम कपिल, नेहाल नेताम प्रियंका कपिल, सोहन नागेश, तनवीर ठाकुर, डोमार साहू, सरपंच गज्जु नेगी, भुवनेश्वर ध्रुव, विष्णु नेताम, पुरनसिंह ठाकुर, गंगाराम नेताम, शिवदर्शन ध्रुव, अघनसिंह ठाकुर, किशोर ध्रुव, रामेश्वर ध्रुव, मंशाराम, सहदेव सांडे, अर्जुन नायक, रामसिंह मांझी, जाकिर रजा, कांग्रेस नेता उमेश डोंगरे, निराकर डोंगरे, देवकी तिरधारी, सज्जनसिंह देववंशी ने बताया आश्रम अधीक्षक राकेश साहू एवं मंडल संयोजक दुर्गाप्रसाद यादव के लापरवाही के कारण आदिवासी बच्चे की मौत हुआ है बच्चे बीमार होने के बावजूद उसका इलाज नही कराया गया पीड़ित परिवार को 1 करोड़ रूपये मुआवजा दिया जाए और आश्रम अधीक्षक को बर्खास्त किया जाए।

### दुल्ला पंचायत से...

लेकर खुद कर रहे हैं और भुगतान आदि की प्रक्रिया पंचायत से निपटाया जाता है। किंतु इन सब की सारी जिम्मेदारी ग्राम पंचायत की होती है क्योंकि क्रियांवान एजेंसी ग्राम पंचायत होता है जिसमें सरपंच, सचिव दोनों के संयुक्त हस्ताक्षर से ही अनुबंध एवं कार्यों का भुगतान होता है, किंतु ग्राम पंचायत द्वारा कभी कार्यों के दबाव एवं ठेकेदारों के दबाव में उन्हें कार्यों को दिया जा रहा है जिससे कार्यों के गुणवत्ता के साथ-साथ समय सीमा पर नहीं होने से पंचायत को इसका नुकसान उठाना पड़ रहा है।

### मनरेगा का नाम...

कांग्रेस का कहना है कि नाम परिवर्तन के मुद्दे के साथ-साथ जिले में व्याप्त पेयजल, सड़क, रोजगार और अन्य बुनियादी समस्याओं को लेकर भी प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया जाएगा। पार्टी नेताओं ने कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

**खबर संक्षेप**

## शिक्षक संघ ने जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा



**फिंगेश्वर।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के प्रांतीय प्रवक्ता एवं रायपुर संभाग के अध्यक्ष रामनारायण मिश्रा तथा ब्लाक सचिव आत्माराम साहू ने जगजीत सिंह धीर जिला शिक्षा अधिकारी गरियाबंद को विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के प्रांतीय प्रवक्ता रामनारायण मिश्रा ने बताया कि शिक्षकों की चिकित्सा प्रतिपूर्ति राशि, जीपीएफ पार्ट फाइनल की स्वीकृति समय सीमा पर करते हुए सेवानिवृत शिक्षकों की समस्त स्वत्वों का भुगतान ना मांग ना जांच के आधार पर तिथि को की जावे। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह धीर ने सकारात्मक पहल करते हुए शिक्षकों की समस्याओं को निराकरण करने की बात कहीं है।

## वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा आज

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के समस्त बीएससी द्वितीय एवं अंतिम वर्ष (गणित) विषय के नियमित, अमहाविद्यालयीन, भूतपूर्व परीक्षार्थियों की वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा 20 फरवरी को सुबह 09 से विज्ञान भवन मचेवा में आयोजित होगी। उक्त परीक्षा में समस्त नियमित, अमहाविद्यालयीन एवं भूतपूर्व परीक्षार्थियों को प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य है। समस्त परीक्षार्थी फाइल के साथ उक्त परीक्षा दिवस को प्रातः 09 बजे तक उपस्थित होना सुनिश्चित करें। प्रायोगिक परीक्षा में अनुपस्थित होने पर छात्र स्वयं जिम्मेदार होंगे।

## आत्महत्या रोकथाम के लिए कार्यशाला का आयोजन


**महासमुंद।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आई नागेश्वर के निर्देशन एवं नीलू घृतलहरे डीपीएम, डॉ सीपी चंद्राकर नोडल अधिकारी के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत बेलसोंडा एवं शासकीय स्कूल बेलसोंडा के छात्रों तथा जनप्रतिनिधि, मितानिन और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं लोगों के लिए मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन एवं आत्महत्या रोकथाम के विषय में कार्यशाला का आयोजन किया गया।

### आयोजन : कोकड़ी मड़ई मेले में उमड़ा जनसैलाब, देवी-देवताओं की पूजा की गई

# आदिवासी संस्कृति की जीवंत पहचान मड़ई मेला : जनक ध्रुव

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर से लगभग 38 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत कोकडी में गुरूवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया। इस मडाई मेला में शामिल होने क्षेत्रभर से देवी- देवताओं के ध्वज पताके एवं डांग डोली पहुंचे जहां परम्परा अनुसार देवी -देवताओं की पूजा अर्चना कर मड़ई बिहाई गई और क्षेत्र में सुख- शांति समृद्धि खुशहाली के लिए पूजा अर्चना किया गया। इस मड़ई मेला में दूर- दूर से व्यवसायी पहुंचे थे और जमकर दुकानों में खरीदारी हुई लोगों में मड़ई मेला को लेकर भारी उत्साह देखने को मिला। वहीं दूसरी ओर मड़ई मेला में शामिल होने बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव पहुंचे तो ग्रामीणों ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान देवी- देवताओं की पूजा अर्चना कर क्षेत्र में सुख- शांति व समृद्धि और खुशहाली की कामना किया गया। विधायक जनक ध्रुव ने कहा की आदिवासी संस्कृति की जीवंत पहचान मड़ई मेला में आपसी भाईचारा मेल मिलाप होता है साथ ही यह हमारे समाजिक और धार्मिक आस्था का प्रतीक है। मड़ई मेला के बहाने दूर दराज रहने वाले रिश्तेदार मित्र एक जगह एकत्र होते है।



### सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण

जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम ने कहा कि मड़ई मेला हमारे संस्कृति की अनमोल धरोहर है आपसी सदभाव के साथ यहां समारोह मनाया जाता है। खुशियों के पल को आपस में मिल बाटकर अपनों के साथ मनाने की परम्परा सचमुच में एक सुखद अहसास कराता है, श्री नेताम ने आगे कहा की संस्कृति और धार्मिक रूप से हमारे छत्तीसगढ़ समृद्ध है। इस मौके पर प्रमुख रूप से श्यामाकुमार, कन्हैया लाल, दैनिक राम मंडावी, गोपालराम, मनाराम, रमेश कुमार, सुकूराम, अशोक, कुमार, बुद्धू राम, हीरासिंह, नन्दलाल, सतनामी मरकाम, पतंग मरकाम, नरेश कुमार, चंद्रपाल, जगदीश सोरी, मनोहर,मनीराम, धनीराम, श्रीराम, फालिया राम, बिसरु राम, नारदराम, कारूराम, रामेश्वर मरकाम, सखराम मरकाम, सुनिल मरकाम सहित आसपास ग्रामों के लोग बडी संख्या में उपस्थित थे।

# 72 दिनों में भी धान का उठाव नहीं 60 हजार क्विंटल खुलें आसमान में



हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

क्षेत्र में सभी धान उपार्जन केन्द्रों में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए धान खरीदी का महाअभियान 15 नवंबर से 30 जनवरी तक जारी रहा। मगर अभी तक 72 दिनों में के बाद भी धान का उठाव नहीं हुआ है। इसलिए बफर लिमिट से कई गुना ज्यादा धान की मात्रा खरीदी केन्द्रों में पड़ा है। रसेला समिति के अध्यक्ष भुवेन्द्र मरकाम, प्रभारी प्रबंधक पंकज कुमार यादव ने बताया कि रसेला उपार्जन केन्द्र में अभी भी 60 हजार क्विंटल धान का परिवहन नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि सिर्फ 18 हजार 6 सौ क्विंटल धान का परिवहन किया गया है। धान खरीदी बंद हुए आज 20 दिन हो रहा है। समिति को रखरखाव और सुखती का अतिरिक्त भार झेलना पड़ेगा, उठाव की गति धीमी होने से नाराज कलेक्टर ने शासन को चिट्ठी लिखी थी, इसके बाद अब गरियाबंद डीएमओ को हटाकर कबीरधाम भेज दिया गया है। पिछले दो साल की तुलना में 15 से 20 फीसदी कम है। उठाव में देरी को देखते हुए समिति की चिंता बढ़ गई है। लगातार ब्रांच स्तर से जिले को पत्राचार कर समिति बफर लिमिट से कई गुना ज्यादा मात्रा फंडों में मौजूद रहने से रख रखाव पर अतिरिक्त व्यय के अलावा धान के सुखत को लेकर चिंता जाहिर कर रही है। क्योंकि खरीदी मात्रा से वजन घटा तो खरीदी केन्द्रों की जिम्मेदारी मान खरीदी में मिलने वाले कमीशन में कटौती के अलावा उन्हें अंतर की राशि भरपाई के लिए उन पर कानूनी हथकंडा अपनाया जाता है। क्षेत्र के सभी केन्द्रों में बफर लिमिट से कई गुना धान की मात्रा मौजूद है। ऐसे में खरीदी के बाद किए जाने वाले भौतिक सत्यापन की सत्यता पर भी कई सवाल उठाते है।

## छुरा मार्ग की स्वीकृति पर शिवांगी ने कहा -यह आर्थिक प्रगति का मार्ग है

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डुका

गरियाबंद जिले के अंतर्गत 43.5 किलोमीटर लंबी राजिम से छुरा मुख्य मार्ग के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण के लिए 145.62 करोड़ की बरसो पुरानी मांग को पूरा करने के लिए स्वीकृति मिलने पर जिला पंचायत सभापति शिवांगी चतुर्वेदी ने पूरे क्षेत्रवासीयों की ओर से मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरूण साव और लोकप्रिय विधायक श्री रोहित साहू का आभार व्यक्त किया। यह परियोजना क्षेत्र में बेहतर कनेक्टिविटी और पर्यटन को बढ़ावा के साथ यातायात में सुगमता और क्षेत्र का विकास को मजबूती मिलेगी। जिला पंचायत सभापति श्रीमती शिवांगी चतुर्वेदी ने कहा कि डबल इंजन सरकार के प्रयासों से प्रदेश में कनेक्टिविटी और विकास को नई गति मिलेगी।यह केवल एक सड़क नहीं, बल्कि राजिम विधानसभा की आर्थिक प्रगति सुगम आवागमन और जनता की सेवा के प्रति डबल इंजन भाजपा सरकार की प्रतिबद्धता का पर्याय है। इस मार्ग के बनने से किसानों, व्यापारियों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों को बेहतर आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा स्थानीय व्यापार व रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगी। यह कार्य क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों को मुख्यधारा से जोड़ने में एक मजबूत कड़ी साबित होगा। सभापति शिवांगी चतुर्वेदी ने आगे कहा कि विगत दो वर्षों में राजिम विधानसभा में भाजपा के सुशासन में ऐसे कई अभूतपूर्व कार्य और जनता की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हुई है जो वर्षों से लंबित थी। आज भाजपा सरकार कि जनकल्याणकारी योजनाएं हर गांव नगर और वनांचल एवं आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में सुविधाएं और व्यवस्थाएं सुदृढ़ हो रही एवं अंतिम व्यक्ति तक विकास और जनहित की योजनाएं पहुंच रही है जिससे उनका जीवन समृद्ध और खुशहाल बन रहा है।





## बेहतर तेंदूपत्ता के लिए बूटा कटाई तकनीक पर अधिकारियों को प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

गरियाबंद वनमंडल अंतर्गत जिला वनोपज सहकारी संघ मर्यादित, गरियाबंद द्वारा तेन्दूपत्ता संग्रहण सीजन 2026 की तैयारियों के तहत जिला स्तरीय तेन्दूपत्ता शाखकर्तन (बूटा कटाई) प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन स्थानीय ऑक्सन हॉल में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला यूनियन गरियाबंद के अध्यक्ष श्री कल्याण सिंह कपिल, समस्त संचालक मंडल एवं प्रबंध संचालक सह वनमंडलाधिकारी शशिगानंदन के. की अध्यक्षता में किया गया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान उप प्रबंध संचालक नदीम कृष्ण बरिहा ने तेन्दूपत्ता सीजन 2026 के लिए शाखकर्तन की तकनीकी बारीकियों से अवगत कराया। उन्होंने उपस्थित उप वनमंडलाधिकारियों, परिक्षेत्र अधिकारियों, प्रबंधकों, पोषक अधिकारियों एवं फड़मुंशियों को बताया कि अच्छी गुणवत्ता के तेन्दूपत्ता संग्रहण हेतु बूटा कटाई अत्यंत महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। शाखकर्तन के पश्चात निकलने वाले पत्तों की संख्या अधिक होती है तथा उनके आकार और रंग-रूप में भी गुणात्मक सुधार देखने को मिलता है। उन्होंने जानकारी दी कि शाखकर्तन के 40 से 50 दिनों के भीतर उत्तम गुणवत्ता का पत्ता उपलब्ध हो जाता है। कार्यक्रम में भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए देवभोग परिक्षेत्र में 22 फरवरी से तथा जिले के शेष परिक्षेत्रों में 28 फरवरी से शाखकर्तन कार्य प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया। वृत्त कार्यालय से उपस्थित उप प्रबंधक अतुल श्रीवास्तव ने बूटा कटाई के महत्व एवं आवश्यक सावधानियों पर विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही सभी प्रबंधकों, पोषक अधिकारियों, फड़मुंशियों एवं वन अमले को निर्धारित समयावधि में बूटा कटाई कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इस अवधि में वनों को अग्नि दुर्घटनाओं से सुरक्षित रखने तथा आग लगने की स्थिति में तत्परता से नियंत्रण के लिए अतिरिक्त सहयोग सुनिश्चित करने की अपील की। कार्यशाला में गरियाबंद वनमंडल के समस्त उप वनमंडलाधिकारी, परिक्षेत्र अधिकारी, पोषक अधिकारी, प्रबंधक एवं फड़मुंशी उपस्थित थे।

# कुर्मी समाज ने धूमधाम से मनाई छत्रपति शिवाजी की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा



छत्रपति शिवाजी महाराज की 396 वीं जयंती के पावन अवसर पर छुरा नगर में छग प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज द्वारा जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के लोगों ने हिंदुत्व के प्रतीक और हिंदवी स्वराज के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज को श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा मंडल अध्यक्ष खोमन चंद्राकर ने शिवाजी महाराज के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिवाजी महाराज एक कुशल रणनीतिकार और वीर योद्धा थे साथ ही वे एक आदर्श शासक भी थे। शिवाजी महाराज ने विपरीत परिस्थितियों में भी स्वराज्य की नींव रखी। छग प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज जिला गरियाबंद के जिलाध्यक्ष पुरंदर वर्मा ने छत्रपति शिवाजी महाराज के प्रबंधन कौशल और दूरदर्शिता को याद किया। उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज का प्रभाव कुर्मी और मराठा समाज ही नहीं अपितु समग्र राष्ट्र में है। शिवाजी महाराज को 'हिंदवी स्वराज्य' का संस्थापक और एक ऐसे शासक थे जो धर्मनिरपेक्ष, न्यायप्रिय और सनातन धर्म के रक्षक थे। आज की युवा पीढ़ी को उनके अनुशासन, वीरता और शौर्य जैसे गुणों को अपने जीवन में उतारने की आवश्यकता है। उनका जीवन युगों तक समाज को प्रेरित करता रहेगा। इस अवसर पर कुर्मी समाज के पदाधिकारियों ने छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने शिवाजी महाराज के हिंदवी स्वराज्य के स्वप्न को प्रासंगिक बताते हुए समाज को एकजुट रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में चंद्रनाहु कुर्मी क्षत्रिय समाज उपक्षेत्र दुल्ला छुरा के अध्यक्ष लोकेश चंद्राकर, सचिव मुकेश चंद्राकर, पूर्व अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्राकर, उदयभानु चंद्राकर, मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज नगर ईकाई गरियाबंद के अध्यक्ष गुलाबराम वर्मा, तिरेला कुर्मी समाज से अशोक वर्मा, संतोष वर्मा, दिल्लीवार कुर्मी समाज से हेमंत देशमुख, दोमेश देशमुख, ग्राम पंचायत सेमरा के उपसरपंच नरेन्द्र चंद्राकर, रुद्र वर्मा, खिलेश वर्मा, ठाकुरराम चंद्राकर, राजू चंद्राकर, हीरेन्द्र वर्मा, खूबचंद चंद्राकर, रमन चन्द्राकर, सूरज चन्द्राकर, छन्नूलाल चन्द्राकर, धर्मेंद्र चन्द्राकर, टिकेश्वर वर्मा, संजय वर्मा, बसंत वर्मा सहित कुर्मी समाज के सभी फ़िरकों के सदस्यगण और समाज के वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

# सीआरपीएफ 211 बटालियन ने इंदागांव में लगाया चिकित्सा शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

थाना इंदागांव क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान के तहत तैनात सीआरपीएफ 211 बटालियन द्वारा बुधवार को 'सिविक एक्शन' कार्यक्रम के अंतर्गत जनकल्याणकारी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों के लिए निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया और जरूरतमंद लोगों को दैनिक उपयोग की सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम में कमांडेंट विजय प्रताप, द्वितीय कमान अधिकारी आर.के. बहाली, उप कमांडेंट इकबाल अहमद, मेडिकल ऑफिसर डॉ. देवीनी तपस्विनी, कंपनी कमांडर जीडी गोपाल चंद्र पाल सहित थाना प्रभारी इंदागांव एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों में जनपद सदस्य मैनपुर, विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच और बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। सीआरपीएफ द्वारा ग्राम पंचायत इंदागांव, कोयबा और कालीमाटी (बुड़ागेल टप्पा) के आश्रित गांवों के जरूरतमंदों को पानी की टंकी, सोलर लालटेन, बर्तन, स्टील प्लेट-ग्लास, साड़ी, लुंगी, गमछा, चप्पल, कंबल आदि सामग्री वितरित की गई। साथ ही स्कूली बच्चों और युवाओं को स्कूल बैग, यूनिफॉर्म, नोटबुक, पेन, खेल सामग्री जैसे वॉलीबॉल, फुटबॉल और नेट भी प्रदान किए गए। निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक दवाइयां वितरित की गईं। चिकित्सा अधिकारियों ने ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी सलाह भी दी। इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि सीआरपीएफ द्वारा क्षेत्र में सुरक्षा के साथ-साथ समय-समय पर जनकल्याणकारी गतिविधियां आयोजित की जाती हैं, ताकि ग्रामीणों को आवश्यक सुविधाएं मिल सकें और उनका विश्वास मजबूत हो। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने इस पहल की सराहना करते हुए जवानों का आभार व्यक्त किया।

- जरूरतमंदों को बांटी सामग्री





# सड़क मरम्मत में अनियमितता देख भड़के विधायक, अफसरों को फोन पर लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर



झाखरपारा से दिवानमुडा के बीच सड़क मरम्मत में गुणवत्ता को लेकर बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव जमकर भड़के, ग्रामीणों ने पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा ठेके से कराए जा रहे सड़क मरम्मत की शिकायत की तो विधायक मरम्मत कार्य देखने पहुंच गए स्तरहीन मरम्मत कार्य देख विधायक ने मरम्मत स्थल से ही विभागीय अधिकारी को फोन कर स्तर निर्माण कार्य को लेकर जमकर नराजगी दिखाई और नराज विधायक ने घटीया मरम्मत पर सड़क की लडाई और विधानसभा तक मामला ले जाने की बात कही है कांग्रेस विधायक ने सड़क मरम्मत पर कई सवाल भी खड़े किये। क्षेत्र के जनपद सदस्य असलम मेमन के नेतृत्व में ग्रामीणो ने विधायक जनक ध्रुव से शिकायत करते हुये कहा पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा कराये जा रहे 65 लाख के मरम्मत को लेकर ग्रामीणों ने कई बार शिकायत की पर विभाग के अधिकारियों ने अनसुना कर दिया। उन्होंने ने कहा मरम्मत इतना घटिया स्तर का किया गया है कि सड़क मरम्मत पूर्ण होने के पहले ही उखड़ने लगे है।नाराज लोग घटिया मरम्मत को लेकर अब आंदोलन का मुड बना रहे है।

विधायक जनक ध्रुव उस समय नाराज नजर आए जब ग्रामीणों ने मांडागांव में आयोजित किसान मेले के दौरान झाखरपारा से दिवानमुड़ा के बीच चल रहे सड़क मरम्मत कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठाए। शिकायत मिलते ही विधायक सीधे मरम्मत स्थल पर पहुंचे और काम की जमीनी हकीकत देख भड़क उठे। निरीक्षण के दौरान सड़क की परत कई जगह से उखड़ती दिखाई दी। विधायक ने मौके से ही पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों को फोन कर कड़ी फटकार लगाई और गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने साफ कहा कि जनता के पैसों से हो रहे काम में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## 5 लाख 85 हजार 971 लोगों ने खाई फाइलेरिया की दवा, 5 दिन शेष

**महासमुंद।** जिले में फाइलेरिया उन्मूलन के लिए सामूहिक दवा सेवन (एमडीए) अभियान को प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा घर-घर जाकर लोगों को दवा का सेवन कराया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई नागेश्वर राव ने बताया कि अब तक जिले में 56 प्रतिशत कवरेज प्राप्त किया जा चुका है। जिले में कुल 10 लाख 42 हजार 760 योग्य हितग्राहियों को दवा सेवन के लिए चिन्हित किया गया है, जिनमें से अब तक 5 लाख 85 हजार 971 लोगों को दवा खिलाई जा चुकी है। शेष हितग्राहियों तक पहुंचने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीमें लगातार कार्य कर रही हैं, ताकि 25 फरवरी तक शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया जा सके। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि फाइलेरिया से बचाव के लिए दवा का सेवन अवश्य करें। यह दवा पूर्णतः सुरक्षित एवं प्रभावी है। उन्होंने बताया कि गर्भवती महिलाओं, गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों तथा एक वर्ष से कम उम्र के बच्चों को यह दवा नहीं दी जाती है। फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी डॉ. वीपी सिंह ने जानकारी दी कि एमडीए के अंतर्गत पात्र व्यक्तियों को स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं एवं मितानिनों की निगरानी में दवा का सेवन कराया जा रहा है। जिला सलाहकार एकेश्वर शुक्ला एवं बीके साहू ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा अभियान की निरंतर निगरानी की जा रही है।



HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### 2 मृतक के परिजनों के लिए मदद राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** दुर्घटना में 2 मृतक के परिजनों को हुए अपहानि को दृष्टिगत रखते हुए दावा निपटान आयुक्त एवं कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा दो-दो लाख रुपए के मान से कुल 4 लाख रुपए की प्रतिकर सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इनमें टक्कर मारकर भागने मोटरयान सड़क दुर्घटना में सरायपाली विकासखंड अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-53 पर भोथलडीह के पास ग्राम भोथलडीह निवासी रतनलाल बरिहा की मृत्यु हो गई थी। अपहानि के कारण मृतक के विधिक प्रतिनिधि के रूप में उनकी पत्नी रैवारी बरिहा को तथा जलगढ़ चौक के पास हुए दुर्घटना में ग्राम केसरटाल निवासी अशोक साहू की मृत्यु होने पर उनके विधिक प्रतिनिधि के रूप में उनकी पत्नी गीता साहू को दो-दो लाख रुपए की प्रतिकर सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### बायोमेट्रिक अपडेट के लिए शिविर 10 फरवरी तक

**महासमुंद।** जिले में 5 से 7 वर्ष एवं 15 से 17 वर्ष आयु वर्ग के छूटे हुए स्कूली छात्रों के आधार बायोमेट्रिक अपडेट के लिए विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। ये शिविर 10 मार्च तक आयोजित किए जाएंगे। शिविर संचालन के लिए विकासखंड स्तर पर बीआरसी व संकुल स्तर पर संकुल समन्वयकों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। शिविरों में आधार ऑपरेटरों के माध्यम से विद्यार्थियों का बायोमेट्रिक अपडेट किया जाएगा। इस अभियान के क्रियान्वयन के लिए प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

## निधन

### टिकेश्वर ध्रुव

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम भैरा निवासी पुरनमल ध्रुव जोहार आदिवासी कला मंच छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष के छोटे भाई टिकेश्वर ध्रुव का निधन 18 फरवरी को हो गया।



वे कोंडागांव जिले के पुंगारपाल में पदस्थ छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल 22 वीं बटालियन डी कंपनी के आरक्षक क्रमांक 213 में पदस्थ थे। जिसके अचानक स्वास्थ्य खराब होने की वजह से अस्पताल में भर्ती होने के बाद सुबह निधन हो गया। जिनके अंतिम माटी नेंग का कार्यक्रम निवास ग्राम भैरा (नयापारा) में किया गया। उनके अंतिम यात्रा में आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज एवं परिजन बड़ी संख्या में शामिल हुए।

**सम्मेलन:** विधायक ने टीना शेड निर्माण के लिए 15 लाख रुपए की घोषणा की

# नई पीढ़ी परंपराओं से जुड़ेगी, तभी मजबूत होगा समाज : रोहित साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

गुरुवार को राजिम विधायक रोहित साहू ने ग्राम आमदी में आयोजित आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज 34 मौजा परिक्षेत्र गरियाबंद के वार्षिक सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर आदिवासी समाज ने उनका पारंपरिक तरीके से नृत्य और बाजे गाजे के साथ भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ओ परिक्षेत्र अध्यक्ष अशोक मरकाम ने की। विशिष्ट अतिथियों में भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर, जनपद अध्यक्ष सोहन ध्रुव, नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव, भाजपा जिला महामंत्री आशीष शर्मा, मंडल अध्यक्ष सुमित पारख, धनराज विश्वकर्मा, सरपंच रेखा ठाकुर, धनंजय नेताम, जनपद सभापति गणेश कुंजाम, और फुलेश्वरी मरकाम भी उपस्थित थे। इस अवसर पर विधायक रोहित साहू ने अपने संबोधन में समाज के समग्र विकास पर जोर दिया। उन्होंने कहा, समाज सर्वोपरि है और इसके विकास में सभी परिवारों की सहभागिता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वार्षिक सम्मेलन में समाज को सुधारने और आगामी पीढ़ी के भविष्य की चिंता करनी चाहिए। नई पीढ़ी समाज की रीति रिवाज और परंपराओं से जुड़ेंगी तब ही समाज मजबूत होगा। इस दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी। साथ ही टीन शेड निर्माण के लिए 15 लाख रुपए की घोषणा की। सीसी सड़क निर्माण के लिए स्वीकृति दी। साथ ही सामुदायिक भवन के लिए 10 लाख जारी होने की जानकारी दी।



ग्राम आमदी में आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज का वार्षिक सम्मेलन हुआ

**ये रहे शामिल-**सम्मेलन में समाज के उपाध्यक्ष गणेश कुंजाम, मंदिर समिति अध्यक्ष जीवन लाल मरकाम, रोहित नेताम, माधव सिंह चैतिया, संतराम नेताम, सालिक राम मरकाम, अजय ध्रुव, पलटन नेताम सहित बड़ी संख्या महिलाएं, पुरुष शामिल हुए। इसके अलावा कार्यक्रम में प्रमुख रूप बलदेव सिंह हुंदल, विजय टांक, अनूप भोसले, सागर मायाणी, लीलाराम ठाकुर, रेणुका साहू, पुष्पा साहू, मधु देवांगन, त्रिलोक राठौर, खेम सिंह बघेल, प्रकाश सोनी, तरुण ठाकुर, रितेश यादव, प्रतीक तिवारी, सूरज सिन्हा, उमेश सिंह, संजू साहू, अमित बखरिया, प्रतीक सिंह, राज दे, वैश्य राठौर, यश मिश्रा सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### युवाओं से नशा और कुरूतियों से दूर रहने की अपील

सम्मेलन में जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने कहा कि आदिवासी समाज संस्कृति और सभ्यता की सराहना करते हुए समाज के विकास के लिए सरकार द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि **Sarakr** गांव गांव तक शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली जैसी बुनियादी सुविधाएं पहुंचाने का काम किया है। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती लालिमा ठाकुर ने कहा की जितनी सहजता, सरलता इस समाज में है, वह किसी और समाज में नहीं है। आधुनिक समय में समाज को आगे बढ़ाने शिक्षा के प्रति जागरूक होना जरूरी है। जिला महामंत्री आशीष शर्मा ने समाज के युवाओं से नशा और कुरूतियों से दूर रहने की अपील की। नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव ने समाज को शिक्षा क्षेत्र में आगे बढ़ने की अपील की। जनपद अध्यक्ष सोहन ध्रुव ने समाज की एकजुटता और सामाजिक विसंगतियों को दूर करने पर जोर दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन हेमराज ध्रुव ने लिया।

# विधायक साहू की अनुशंसा पर विभिन्न गांवों में लगा उच्च क्षमता का ट्रांसफार्मर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

आगामी गर्मी सीजन को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विधायक रोहित साहू ने एक बड़ी पहल की है। उनकी अनुशंसा पर सामान्य विकास योजना के तहत राजिम विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में नए ट्रांसफार्मर स्थापित किए गए हैं और पुराने, जर्जर ट्रांसफार्मरों को बदलकर क्षमता वृद्धि की गई है। विधायक रोहित साहू के इस पहल का सीधा लाभ स्थानीय किसानों और ग्रामीण निवासियों को मिलेगा। गर्मी के दिनों में अक्सर होने वाली लो-वोल्टेज की समस्या से अब ग्रामीणों को छुटकारा मिलेगा, जिससे घरेलू उपकरण सुचारू रूप से चल सकेंगे। विधायक रोहित साहू ने चर्चा में बताया कि क्षेत्र में गर्मी के दिनों में कुछ गांवों में बिजली की समस्या होती थी उन समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए किसानों के लिए यह विशेष प्रयास किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों का विकास तभी संभव है जब लोगों को निर्बाध बिजली मिले। हमने संबंधित विभाग को



निर्देशित कर गांवों में ट्रांसफार्मर लगवाए हैं ताकि गर्मी के दिनों में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। जिन गांवों में नए ट्रांसफार्मर लगाए गए हैं उनमें प्रमुख रूप से ग्राम धुरसा,रवेली, मुड़तराई, लफंदी,नगर पंचायत कोपरा में 63 केवी ट्रांसफार्मर एक-एक नग, ग्राम जेंजरा, भेंड्री , लोहरसी और तर्रा में 63 केवी ट्रांसफार्मर दो-दो एवं ग्राम बरोंडा में एक नग 100 केवी ट्रांसफार्मर की स्थापना की गई है। विधायक की इस त्वरित कार्रवाई से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से ट्रांसफार्मर की मांग की जा रही थी, जिस पर विधायक रोहित साहू ने इस समस्या को गंभीरता से लिया और बहुत कम समय में समाधान किया है।

## सेम्हरतरा के भूमिपूजन में विधायक शामिल हुए...



राजिम। परिक्षेत्र साहू समाज राजिम ग्रामीण के तत्वावधान में ग्राम सेम्हरतरा में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजिम विधायक रोहित साहू मौजूद थे। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष इंद्राणी-नेहरू साहू ,जिला पंचायत सदस्य नंदनी-ओंकार साहू,जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू थे। इस अवसर पर ग्राम के सरपंच व सरपंच संघ के अध्यक्ष हरीश साहू, उपसरपंच नंदजी साहू, साहू समाज परिक्षेत्र राजिम के अध्यक्ष प्रकाश साहू, सचिव लीलाराम साहू, पंच जगन्नाथ साहू,भेनू साहू, सुनीता साहू, हुलास साहू, धनेश्वरी साहू, केमिन साहू, वीणा ध्रुव, गायत्री साहू, सफरा सतनामी, सचिव रेखा साहू, रोजगार सहायक घासीन साहू,कम्प्यूटर ऑपरेटर शिवशंकर साहू, चपरासी टुकेश साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे।

### ग्राम स्तरीय समन्वय समिति की बैठक हुई

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत सिरपुर को धूम्रपान मुक्त ग्राम पंचायत बनाने के उद्देश्य से सिरपुर में ग्राम स्तरीय समन्वय समिति का गठन व बैठक आयोजित की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई नागेश्वर राव के निर्देश में बैठक का आयोजन सरपंच की अध्यक्षता में हुई। जिसमें सरपंच, सचिव, उपसरपंच, पंच, शिक्षा विभाग के संकुल समन्वयक, शिक्षकगण, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, ग्रामीण व छात्र-छात्राएं मौजूद थे। बैठक का आयोजन डीपीएम नीलू घृतलहरे के मार्गदर्शन व जिला नोडल अधिकारी एन टीसीपी डा छत्रपाल चंद्राकर के सहयोग से किया गया। बैठक के दौरान पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से धूम्रपान के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया गया।

# देश सेवा मात्र पेशा नहीं, समर्पण है : साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

■ सीआरपीएफ में चयनित जागेश्वर और धनेंद्र का सम्मान

तहसील साहू संघ फिंगेश्वर के तत्वावधान में आयोजित सम्मान समारोह में साहू समाज का बेटा युवक जागेश्वर साहू सिर्रीखुर्द एवं धनेन्द्र साहू पतोरी का सीआरपीएफ में चयन पर शाल श्रीफल मोमेंटो भेंट कर माला पहनाकर कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर फिगेश्वर तहसील साहू संघ अध्यक्ष खोमन साहू बेलर ने कहा यह अत्यंत गर्व और हर्ष का विषय है कि जागेश्वर साहू और धनेन्द्र साहू का सीआरपीएफ में चयन हुआ है। इसमें में चयन होना केवल एक नौकरी पाने से कहीं अधिक है मां भारतीय की सेवा एवं त्याग और तपस्या का मार्ग है। के पवित्र मार्ग पर कदम रखना है। यह सेवा मात्र एक पेशा नहीं, बल्कि एक समर्पण है। यह वह गौरवशाली क्षण है जब एक युवा का सपना साकार होता है और उसे राष्ट्र की सुरक्षा, एकता अखंडता और शांति व्यवस्था, जनता की सहायता, विकास में योगदान देकर अहम्‌ भूमिका व जिम्मेदारी सौंपी जाती है।यह देश सेवा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। चयनित होना एक बड़ी उपलब्धि है। साहू समाज के इन दोनों युवाओं का देश सेवा के लिए समर्पण प्रशंसनीय है। यह न केवल उनके परिवार , गांव और समाज के लिए गौरव का क्षण है, बल्कि पूरे क्षेत्र के युवाओं लिए प्रेरणा का स्रोत भी है। इस बल में चयन एक कठिन प्रक्रिया से गुजरकर आता है, जिसमें शारीरिक दक्षता, मानसिक सामर्थ्य और चरित्र की पवित्रता की कसौटी शामिल होती है। यह चयन न केवल व्यक्ति के शारीरिक बल, बल्कि उसके दृढ़ संकल्प, अनुशासन और देशभक्ति का प्रमाण है।



### समारोह में प्रमुख उपस्थित जन

उल्लेखनीय है कि गांव का किसान हरिराम साहू ग्राम सिर्रीखुर्द का पुत्र जागेश्वर साहू एवं सामान्य किसान रोहित साहू पतोरी का पुत्र है। सम्मान समारोह में उपस्थित ने उम्मीद जताई है कि जागेश्वर साहू और धनेन्द्र साहू अपनी सेवा के दौरान ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और साहस के साथ देश की सेवा करेंगे। उनके उज्ज्वल भविष्य और सफलता की कामना कीया गया। इस मौके पर तहसील साहू संघ फिंगेश्वर अध्यक्ष खोमन साहू ,अध्यक्ष बेलर परिक्षेत्र साहू समाज हरि राम साहू ग्राम सिर्रीखुर्द, राम जी साहू, सचिव ओमप्रकाश साहू, कोषाध्यक्ष भोज साहू, रमेश साहू, अध्यक्ष सालिक साहू, उपाध्यक्ष महिला संगीता साहू, अमेरिका साहू, संगठन सचिव बालिक राम साहू, महिला प्रमिला साहू, तहसील सचिव बिष्णु साहू, धनेश्वरी साहू, कुमार साहू, संतोष साहू, उदय राम साहू, टिकेश साहू, कोमल साहू, अनूप साहू, फूल सिंह साहू, राकेश साहू, दुर्गेश साहू, सुरेश साहू, गंगाराम साहू, माधव साहू, डगन साहू, आसाराम साहू, संदीप साहू, तेज राम साहू, गजेंद्र साहू, केवल राम साहू, शेखर साहू, रमणीक साहू, अरूण साहू, तुलाराम साहू, साहू संघ तहसील, परिक्षेत्र, ग्राम प्रमुख इत्यादि साहू समाज उसम्मान समारोह में उपस्थित थे।

# अमलोर कबड्डी टीम प्रथम स्थान पर रही

**राजिम।** महिला व पुरुष वर्ग के ओपन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन क्रीड़ा भारती व जिला कबड्डी संघ के सौजन्य से राजिम में हुआ। जिसमें पुरुष वर्ग में अमलोर कबड्डी टीम प्रथम स्थान प्राप्त किया इस टीम को 11000 रूपए से पुरूस्कृत किया गया। दूसरा स्थान पर जी एस पटेवा कबड्डी टीम को 8000 रूपए से पुरूस्कृत किया गया। महिला वर्ग में प्रगति क्लब रायपुर को प्रथम स्थान आने पर 11000 रूपए से पुरूस्कृत किया गया वहीं द्वितीय स्थान आने पर खुड़ियाडीहि छुरा को 8000 रूपए से पुरूस्कृत किया गया। समापन अवसर के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा थे। इस अवसर पर श्री शर्मा ने कहा कि कबड्डी एक पारंपरिक और लोकप्रिय शारीरिक खेल है, यह टीम भावना विकसित करता है। खेल भावना से खेलना, विरोधियों का सम्मान करना, नियमों का पालन करना और



शारीरिक शक्ति व मानसिक शक्ति के दृढ़ता को बढ़ाता है। कबड्डी एक पावर गेम है जो फेफड़ों की क्षमता, मांसपेशियों की ताकत को बढ़ाता है। इस अवसर पर क्रीड़ा भारती के प्रांत उपाध्यक्ष एवं हॉकी अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी नीता डूमरे, गोपाल यादव, सेवाराम साहू, शरद पारकर जिला अध्यक्ष क्रीड़ा भारती, पुरन यादव, रामेश पटेल, सोमनाथ पटेल, किशोर पटेल, राजेश धीवर, त्रिलोक पारकर, कैलाश साहू, जीवन साहू, गोप कुमार साहू, नंद कुमार रात्रे, निराली यादव, चन्द्रहास साहू, गुलाब नागेश ,सूरज टण्डन, राघवेंद्र ध्रुव मौजूद थे।

**सेम्हरतरा में तीन दिवसीय भव्य श्री मारुती यज्ञ का हुआ आयोजन**

# सनातन धर्म में यज्ञ का विशेष महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

ग्राम पंचायत सेम्हरतरा में ग्राम विकास समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से यहाँ तीन दिवसीय विराट श्री मारुती यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ का यह दूसरा वर्ष है, जो राष्ट्रीय कथावाचक श्री सिद्धेश्वरानंद महाराज जी के पावन सानिध्य में संपन्न हुआ। तीन दिनों तक चले इस धार्मिक अनुष्ठान में सुबह से ही पूजन-पाठ और वेदमंत्रों के साथ हवन का दौर जारी रहा। दोपहर में हरि कीर्तन और संगीतमय रामायण का आयोजन किया गया जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया है। वहीं, रात्रि में लोक चिन्हारी भरथरी कार्यक्रम का आयोजन हुआ जो ग्रामीण संस्कृति और भक्ति का अनूठा संगम प्रस्तुत कर रहा है। यज्ञ के दौरान श्री हनुमान जी महाराज की विशेष पूजा-अर्चना की जा रही है। आयोजन समिति के अनुसार, इस अनुष्ठान का मुख्य उद्देश्य गांव और संपूर्ण क्षेत्र में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की मनोकामना मांगना है। ग्रामीणों का अटूट विश्वास है कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से क्षेत्र में खुशहाली आती है। कार्यक्रम में राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू , फिंगेश्वर जनपद अध्यक्ष इंद्राणी-नेहरू साहू और भाजपा जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू ने विशेष रूप से उपस्थित होकर





पूजा-अर्चना की और महाराज जी का आशीर्वाद लिया। विधायक रोहित साहू ने कहा कि हमारे निज पंचायत सेम्हरतरा की पावन भूमि पर आयोजित यह विराट श्री मारुती यज्ञ वास्तव में अदभुत है। ऐसी धार्मिक गतिविधियाँ हमारी संस्कृति को जीवंत रखती हैं और समाज में एकजुटता और भाईचारा भी बढ़ाती हैं। सिद्धेश्वरानंद महाराज जी के सानिध्य में आयोजित इस यज्ञ से संपूर्ण क्षेत्र सकारात्मक ऊर्जा से भर गया है। मैं आयोजकों और ग्रामवासियों को इस शानदार आयोजन के लिए बधाई देता हूं। राज्य और क्षेत्र की खुशहाली के लिए सरकार और मैं हमेशा प्रतिबद्ध हैं। जनपद अध्यक्ष इंद्राणी-नेहरू साहू ने कहा कि सनातन धर्म में यज्ञ का विशेष महत्व है। यज्ञ के माध्यम से दैवीय कृपा प्राप्त होती है और पर्यावरण की शुद्धि भी होती है। भाजपा जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू ने कहा कि सेम्हरतरा ग्राम



वासियों द्वारा लगातार दूसरे वर्ष इतना भव्य आयोजन करना उनकी धार्मिक आस्था को दर्शाता है। यह यज्ञ निश्चित रूप से क्षेत्र में समृद्धि लाएगा। समाज को ऐसे आयोजनों से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए।

### इनका रहा विशेष योगदान

*इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष ओमकुमार साहू, सचिव योगेश्वर साहू , विधायक रोहित साहू के निज सहायक किशोर साहू, सहित पंचगण कमलनारायण साहू, इंद्र कुमार साहू (बबलू), खेमसिंह साहू, नंदकुमार साहू, संत राम साहू, पूरन साहू, लक्ष्मी नारायण साहू, इंद्र कुमार साहू, और ढेलू राम साहू का विशेष योगदान रहा। साथ ही, ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सरपंच संघ के अध्यक्ष हरीश साहू, उपसरपंच नंद जी साहू और समस्त ग्रामवासियों का भरपूर सहयोग मिला।*

# मराठा समाज ने बिना मूर्ति के उत्सव मनाकर जताया विरोध

**राजिम।** शौर्य और स्वाभिमान के प्रतीक छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई, लेकिन धर्मनगरी राजिम में इस बार नजारा कुछ अलग और भावुक करने वाला था। यहां के मराठा समाज ने किसी भव्य प्रतिमा के अभाव में केवल प्रतीकात्मक रूप से जयंती मनाई। यह आयोजन उत्सव से ज्यादा शासन की कार्यप्रणाली पर एक गहरा कटाक्ष और विरोध का स्वर नजर आया। छत्तीसगढ़ मराठा समाज के प्रदेश महासचिव आशीष शिंदे का आरोप है कि शासन द्वारा लंबे समय से शिवाजी महाराज की प्रतिमा स्थापित करने के लिए राशि की मांग की जा रही है। श्री शिंदे का कहना है कि शिवाजी महराज जी के अश्वारोही प्रतिमा के लिए मुख्यमंत्री के राजिम आगमन पर दो वर्ष पूर्व आवेदन किया गया था जिस पर उनके आश्वासन मिलने के बावजूद, अब तक इसके लिए फंड स्वीकृत नहीं किया गया है। श्री शिंदे ने कहा कि इस संबंध में स्थानीय जनप्रतिनिधियो से भी हमने आग्रह किया है कि राशि स्वीकृति हेतु आवश्यक पहल करे। कहा कि एक तरफ सरकार राज्य की संस्कृति और महापुरुषों के सम्मान की बातें करती है, वहीं दूसरी तरफ राजिम जैसे ऐतिहासिक स्थल पर शिवाजी महाराज की मूर्ति के लिए फाइलें दबी हुई हैं। इस वर्ष राजिम में समाज के लोगों ने मूर्ति स्थापना हेतु निर्मित चबूतरे पर दीप प्रज्ज्वलित कर और महाराज के चित्र की पूजा कर रस्म अदायगी की। समाज के युवाओं ने कहा, /"यह



हमारे लिए गर्व का दिन है, लेकिन शासन की उपेक्षा के कारण हमें बिना मूर्ति के यह पर्व मनाना पड़ रहा है। यह अपमान केवल मराठा समाज का नहीं, बल्कि उन मूल्यों का भी है जिनके लिए शिवाजी महाराज खड़े थे। इस अवसर पर छग मराठा समाज के अध्यक्ष राघोबा महाड़िक,मीता महाड़िक,आशीष शिंदे,आदर्श शिंदे,ललित महाड़िक ,जगमोहन घाटगे, तात्या राव शिंदे, गंगोत्री पालकर, सोनल महाड़िक, डॉ अक्षदा महाड़िक, जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाड़िक, अंजली घाटगे, ईश्वर राव लिंबेकर, पद्मा लिंबेकर, प्रभाकर मोरे, शैल चौहान, दिगेंद्र चौहान, सागर चौहान, प्रीति मोरे, अनमोल शिंदे, हेमंत भोसले, आदि उपस्थित थे।

